PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत


अगर आप सच देखना चाहते हैं तो ना ही पक्ष में रहें और ना ही विपक्ष में।
-ओशो रजनीश

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | बुधवार, 21 अक्तूबर, 2026, साल-2, अंक-86, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

विजयादशमी पर दिल्ली में हुआ रावण दहन

मोदी बोले-रामराज्य का मतलब शासन नहीं, जनकल्याण; इंद्रप्रस्थ के दशहरा मैदान में रावण जलाया

- राष्ट्रपति ने तीर चलाकर दिल्ली में रावण दहन किया
- राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत कई दिग्गज दशहरा समारोह में हुए शामिल



नई दिल्ली, 21 अक्तूबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

राजधानी दिल्ली में मंगलवार को विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। राम-रावण युद्ध के मंचन के बाद अलग-अलग रामलीला मैदानों में रावण के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की राजनीति के कई दिग्गज दशहरा समारोह में शामिल हुए। द्वारका से लेकर पूर्वी दिल्ली और लालकिला मैदान तक उत्सव का माहौल रहा। विशाल रावण के पुतलों के दहन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारका सेक्टर-10 में द्वारका श्री रामलीला सोसायटी की ओर से आयोजित दशहरा समारोह में शामिल हुईं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी राष्ट्रपति के साथ मौजूद रहीं। यहां रामलीला के समापन पर 221 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। विशाल पुतले के साथ विजयादशमी का यह आयोजन द्वारका के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दशहरा समारोह में कहा, 'सभी को दशहरा के महापर्व पर बहुत-बहुत बधाई। ये त्योहार अधर्म और अन्याय पर धर्म और न्याय की विजय का उत्सव है। दशहरा के अवसर पर देश-विदेश के अनेक स्थानों पर आयोजित रामलीलाओं के माध्यम से करोड़ों लोग राम कथा के महान आदर्शों को याद करते हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज स्थित आईपी एक्सटेंशन रामलीला समिति के दशहरा समारोह में पहुंचे। यहां राम-रावण युद्ध के मंचन के बाद रावण दहन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मैं सभी देशवासियों को विजयादशमी की बधाई देता हूं। आज भारत का कोना-कोना राममय है गांव-गांव शहर-शहर रामलीला के रास में देश डूबा हुआ है। देशभर में रामलीलाओं का मंचन प्रभु श्री राम के आदर्शों को जीवंत रखने की परंपरा, अत्याचार और आतंक का अंत का उदघोष और असत्य पर सत्य सनातन की विजय का विश्वास हमारे लिए ये केवल त्योहार नहीं है। ये भारत की प्राण ऊर्जा है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'इस देश ने इसकी संस्कृति ने और इसके पूर्वजों ने हजारों वर्षों से प्रभु श्रीराम की उपासना की है। ये आस्था केवल इसलिए नहीं है कि श्रीराम ने राक्षस राज रावण का अंत किया था। ये आस्था इसलिए भी है क्योंकि प्रभु राम ने हमें ऐसे आदर्श दिए जो मानवता के इतिहास में अतुलनीय है।'

द्वारका सेक्टर-10 में द्वारका श्री रामलीला सोसायटी की ओर से आयोजित दशहरा समारोह में दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'हम सब प्रभु राम के महान आदर्शों पर चलते हुए स्वयं राम के आदर्श को अपनाएं। हमारे आस-पास जितनी भी (शेष पेज 2 पर)

पंजाब सरकार को नशीले पदार्थों से जुड़े बाकी दो मामलों की जांच सी.बी.आई. को सौंप देनी चाहिए: अमित शाह

नशे के विरोध पर मार दिया जाता है : शाह



मानसा/गुरदासपुर/संगरूर/लुधियाना, 21 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में नशीले पदार्थों के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को नशीले पदार्थों से जुड़े बाकी दो मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप देनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि पंजाब सरकार ने अब तक पीआईटीएनडीपीएस एक्ट के तहत एक भी मामला दर्ज क्यों नहीं किया है। उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत जमानत मिलना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए सरकार को इसका इस्तेमाल करना चाहिए। लुधियाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, अमित शाह ने आरोप लगाया कि पंजाब में नशीले पदार्थों का कारोबार (शेष पेज 2 पर)

अमित शाह ने मारे गए बिक्रमजीत सिंह के परिजनों से की मुलाकात



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पंजाब के श्री हरगोबिंदपुर स्थित मरी पनवां गांव में मारे गए बिक्रमजीत सिंह के परिजनों से मुलाकात की। बिक्रमजीत सिंह की 15 अक्टूबर को कथित तौर पर अपने इलाके में नशा तस्करी का विरोध करने के कारण हत्या कर दी गई थी। बिक्रमजीत सिंह के परिवार से मुलाकात के बाद शाह के संगरूर जिले जाने का कार्यक्रम है। वहां वह गुलजार सिंह के परिजनों से मिलेंगे। दलित समुदाय से संबंध रखने वाले गुलजार सिंह की 7 सितंबर को आत्महत्या से मौत हो गई थी। उनके परिवार का आरोप है कि इलाके में नशे की आपूर्ति को लेकर पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा से सवाल पूछने पर उन्हें प्रताड़ित किया गया और जातिसूचक टिप्पणियां की गईं। परिवार के अनुसार, इससे परेशान होकर गुलजार सिंह ने जहर खा लिया था।

अमित शाह ने परविंदर झोटा के परिवार से मुलाकात की



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मानसा के वाटरवर्क्स रोड पर, नशा विरोधी कार्यकर्ता रहे दिवंगत परविंदर सिंह झोटा (42) के घर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने झोटा के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। अमित शाह का हेलीकॉप्टर दोपहर 3:15 बजे नई अनाज मंडी में उतरा, जिसके बाद वे गाड़ियों के काफिले में झोटा के घर पहुंचे। वे राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई बुलेटप्रूफ गाड़ी में दोपहर 3:26 बजे पहुंचे और 3:46 बजे वहां से रवाना हो गए। झोटा के घर के दौरे के समय राज्य भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों भी शाह के साथ मौजूद थे। अमित शाह के पहुंचने से पहले, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री परनीत कौर ने भी (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री मान ने शाह से पूछे पंजाब के मुद्दों पर सवाल

बोले, 2007 से 2017 तक नशा बढ़ता रहा, तब पंजाब बचाने की याद क्यों नहीं आई

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब दौरे पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब को बचाने और नशा मुक्त करने के नाम पर राजनीति कर रही है।

मान ने 2007 से 2017 तक अकाली दल के साथ रही सरकार, किसान आंदोलन, नशा तस्करी, गैंगस्टरों और पंजाब के अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाते हुए पूछा कि जब इन मामलों में कार्रवाई की जरूरत थी, तब केंद्र को पंजाब की याद क्यों नहीं आई। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने परविंदर झोटा हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश कर दी है। केंद्र सरकार को परिवारों को न्याय दिलाने और नशा तस्करी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, न कि पंजाब में राजनीतिक बयानबाजी करनी चाहिए।

मान फ्रांस दौरे पर गए हुए थे और कुछ समय पहले ही विदेश से लौटे हैं। सुबह ही उन्होंने मानसा में परमिंदर झोटा मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला लिया था।



गृहमंत्री साहब, जब 2007 से 2017 तक आपकी अकाली दल के साथ जॉइंट सरकार थी, उस समय नशे का पौधा बड़ा हुआ। क्विंटल-क्विंटल ड्रग आई। उस समय आपको पंजाब बचाने की याद नहीं आई। उस समय क्यों कार्रवाई नहीं की? मजीठिया के खिलाफ सीबीआई की मांग उस समय भी की गई, लेकिन आपने नहीं की, क्योंकि वह आपके हिस्सेदार थे। 2014 में आपकी सरकार बन गई। नशा उसी तरह चलता रहा। ड्रग तस्कर बड़े-बड़े मंत्रियों का नाम लेते थे। उस समय आपने (शेष पेज 2 पर)

'बीजेपी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए' : भगवंत मान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब दौरे पर सवाल उठाते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बीजेपी को सलाह दी है कि वह 'अपने गिरेबान में झांके' (यानी पहले अपने घर की स्थिति देखे)। उन्होंने कहा कि बीजेपी शासित राज्यों में अपराधी (गैंगस्टर) और नशीले पदार्थों की समस्या पनप रही है, और हरियाणा तो गैंगस्टरों की 'नर्सरी' बन गया है। आज एक वीडियो संदेश में उन्होंने पूछा कि अमित शाह ने दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए पंजाब के 700 किसानों के परिवारों से मुलाकात क्यों नहीं की और उनके दुख में शामिल क्यों नहीं हुए? उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों को देखते हुए बीजेपी ओछी राजनीति पर उतर आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी जो अब पंजाब के लिए चिंता जताने का दिखावा कर रही है उस समय बिल्कुल भी चिंतित नहीं थी जब राज्य के अधिकारों को छीना जा रहा था। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे बीबीएसबी (भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड) में पंजाब का प्रतिनिधित्व कम किया गया, चंडीगढ़ सीनेट में कटौती की गई, और राज्य के नदी जल अधिकारों की अनदेखी की गई।

लिवइन पार्टनर की हत्या की आरोपी मॉडल श्रद्धा गिरफ्तार

- 11 दिन से फरार थी, यूपी एसटीएफ ने बहन-ड्राइवर के साथ नागपुर से पकड़ा

लखनऊ, 21 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

लखनऊ के करोड़पति कारोबारी शिवा शर्मा हत्या की आरोपी लिवइन पार्टनर मॉडल श्रद्धा दुबे को मंगलवार को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है।



श्रद्धा पर 50 हजार का इनाम था। वह 11 दिन से फरार थी। दावा है कि वह लखनऊ से सीतापुर होते हुए बहराइच के रास्ते नेपाल पहुंच गई थी। 18 अक्टूबर को नेपाल से वापस यूपी लौट आई। उसने ए.एन.आई. न्यूज एजेंसी को इंटरव्यू दिया। श्रद्धा ने कहा-मैंने शिवा की हत्या नहीं की है। शिवा मेरी आंखों के सामने बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदा था। श्रद्धा इंटरव्यू देकर चली गई, लखनऊ पुलिस पकड़ नहीं पाई। तब यूपी एसटीएफ को लगाया गया। श्रद्धा की बहन और ड्राइवर दानिश को भी गिरफ्तार किया गया है। श्रद्धा ने पुलिसवालों से कहा- गाड़ी में आगे बैठ जाऊं। पीछे बैठने से सांस फूलती है। यूपी एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने बताया, श्रद्धा छोटे-छोटे लॉज में रह रही थी। वह बुर्के का इस्तेमाल कर रही थी। मोबाइल (शेष पेज 2 पर)

रूस में यूक्रेनी अटैक के बाद ब्लैकआउट से हाहाकार

बैंक खाते ठप, कैब बंद, घरों के डिजिटल लॉक जाम

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

रशियन टेक्नोलॉजी कंपनी यांडेक्स की तरफ से ऑपरेट होने वाले डेटा केंद्रों पर यूक्रेनी हमलों के कारण कई डेली सर्विसेज में रुकावट पैदा हो गईं, जिससे कुछ यूजर्स डिजिटल पेमेंट करने, टैक्सी बुक करने या यहां तक कि अपने घरों की कुंडी खोलने में भी नाकाम हो गए. ये हमले संघर्ष में एक नया मोड़ लाते हैं, क्योंकि दोनों पक्ष तेजी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना रहे हैं. एनबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में रूस के हमलों के बाद 8 अक्टूबर से शुरू हुए यूक्रेनी हमलों में यांडेक्स के 5 बड़े डेटा सेंटर्स में से 3 डैमेज हो गए।

इन रुकावटों से कंपनी का डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म यांडेक्स पे अफेक्ट हुआ, जिससे कुछ ग्राहक कई दिनों तक अपने पैसे नहीं निकाल पाए. सेंट पीटर्सबर्ग की ब्लॉगर इरिना ने एनबीसी न्यूज को बताया कि वो चार दिनों तक



अपने पैसे का इस्तेमाल नहीं कर पाईं. ये रुकावट उनके किराए के पेमेंट की आखिरी तारीख के साथ हुई, और उन्हें बिजली के बिलों का भुगतान करने और अपने छोटे बच्चे के लिए भोजन खरीदने में कठिनाई हुई. दूसरे यूजर्स ने फूड ऑर्डर करने, टैक्सी बुक करने और यांडेक्स सर्विसेज के जरिए से स्टोर्ड फाइलों तक पहुंचने में मुश्किलों की खबर दी. कुछ लोगों को अपने घरों में प्रवेश करने में भी परेशानी हुई जब डिजिटल चाबियां काम करना बंद कर दीं.

मॉस्को के टैक्सी ड्राइवर्स ने कहा कि इस रुकावट के कारण वे अपनी कमाई का हिसाब नहीं रख पाए और पेमेंट नहीं निकाल पाए. एक ड्राइवर ने बार-बार एरर मैसेज और एक ही कस्टमर को कई कारें असाइन किए जाने की सूचना दी. हालांकि कई सेवाएं धीरे-धीरे ऑनलाइन हो गई हैं, लेकिन इस घटना ने एक ही टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर पर डिपेंडेंसी को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। यांडेक्स ने 9 अक्टूबर को कहा कि कोई भी कर्मचारी घायल नहीं हुआ है और सेवाओं को बहाल करने की कोशिश जारी हैं। (शेष पेज 2 पर)

डिप्टी कमिश्नर के गनमैन ने परिवार पर गोलियां चलाईं; खुद को भी गोली मारी

गोलीबारी में पिता और बेटे की मौत, दो अन्य घायल

मानसा, 21 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

दशहरे के दिन मानसा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मानसा के डिप्टी कमिश्नर के गनमैन गुरविंदर सिंह ने अपने ही परिवार पर गोलियां चलाईं और फिर खुद को भी गोली मार ली।



घटना में घायल पति, पत्नी और उनके दो बेटों को तुरंत मानसा के सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन पुलिसकर्मी गुरविंदर सिंह और उनके बेटे जोत (17) की मौत हो गई। डॉक्टरों ने उनकी पत्नी हरप्रीत कौर और दूसरे बेटे दिलशान को बठिंडा के एक अस्पताल में रेफर कर दिया है।

यह पुलिसकर्मी मानसा के डिप्टी कमिश्नर के गनमैन के तौर पर तैनात था। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो दिनों से छुट्टी पर था। घटनास्थल पर पहुंचे मानसा के एसएसपी वैभव चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएसपी ने कहा, 'शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह घटना पारिवारिक विवाद का नतीजा है। हमने घटनास्थल से मृतक का सरकारी हथियार जब्त कर लिया है। फोरेंसिक टीम फिलहाल सबूत इकट्ठा कर रही है।' वहीं, पड़ोस में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि घायल महिला सुबह करीब 6:30 बजे अपने घर के बाहर पड़ी मिली और मदद के लिए गुहार लगा रही थी।

पैरा एशियन गेम्स-डिस्कस थ्रो में भारत का क्लीन स्वीप

दूसरे दिन रिकॉर्ड 24 मेडल जीते, भारत के अब तक 35 मेडल



नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत ने पैरा एशियन गेम्स के दूसरे दिन पुरुषों के डिस्कस थ्रो की एफ43/ एफ44/ एफ62/ एफ 64 इवेंट में तीनों मेडल जीतकर क्लीन स्वीप किया। देवेंद्र कुमार ने गोल्ड, राकेश ने सिल्वर और प्रदीप कुमार ने ब्रॉन्ज जीता। भारत ने दूसरे दिन एथलेटिक्स, पैरा टेबल टेनिस, शूटिंग, पावरलिफ्टिंग और स्विमिंग में कुल 24 मेडल जीते।

निषाद कुमार ने हाई जंप टी47 में गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता, जबकि दीप्ति जीवनजी और सिमरन शर्मा ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किए। भारत के अब तक 9 गोल्ड, 11 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज सहित कुल 35 मेडल हो गए हैं।

सिमरन ने 200 मीटर टी12 में गोल्ड जीता

भारत की सिमरन शर्मा ने 200 मीटर टी12 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 24.80 सेकेंड का समय निकालकर एशियन पैरा गेम्स रिकॉर्ड बनाया। भारत की तेजलबेन डामोर ने 25.23 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि ईरान की हजर सफरजादेह 25.02 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

दीप्ति ने लगातार दूसरी बार सोना जीता

दीप्ति ने लगातार दूसरी बार इस इवेंट का गोल्ड जीता है। उन्होंने 2022 में 56.59 सेकेंड का समय लिया था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.23 सेकेंड का सुधार किया। जापान की नीना कानो ने सिल्वर और अकारी काटो ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

23 साल की दीप्ति तेलंगाना की रहने वाली हैं। वे 2 बार पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीत चुकी हैं। उन्होंने 2024 में गोल्ड मेडल जीता था। वह इसी स्पर्धा में पैरालिंपिक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुकी हैं। टी20 कैटेगरी के खिलाड़ियों को जानकारी समझने, ध्यान लगाने और रेस की योजना बनाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

डिस्कस थ्रो में भारत ने तीनों मेडल जीते

भारत ने पैरा एशियन गेम्स में पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ43/ एफ44/एफ62/एफ64 इवेंट में तीनों मेडल जीतकर क्लीन स्वीप किया। देवेंद्र कुमार ने 49.71 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड, राकेश ने 49.35 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर और प्रदीप कुमार ने 51.15 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

निषाद कुमार ने दूसरा गोल्ड जीता

निषाद कुमार ने पैरा एशियन गेम्स में पुरुषों की हाई जंप टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 2.02 मीटर की छलांग लगाकर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पहले दिन लॉन्ग जंप में भी गोल्ड जीता था।

प्रणव सूरमा ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड अपने नाम किया

प्रणव सूरमा ने एशियन पैरा गेम्स में पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ51/52/53 फाइनल में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 932 रजा पॉइंट्स के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत के ही राम रतन सिंह 809 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इस तरह भारत ने इवेंट में गोल्ड और सिल्वर दोनों मेडल अपने नाम किए। प्रणव ने छह प्रयासों में 11.66 मीटर का बेस्ट थ्रो किया।



भारत में बांग्लादेश-फ्रांस जैसे हालात बनाने की कोशिश : मोहन भागवत

सत्ता बदलकर अपने पिट्ठू बैठाना चाहते हैं, कुछ नेता देश तोड़ने में मदद कर रहे

नागपुर, 21 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत में भी बांग्लादेश और फ्रांस जैसे हालात बनाने की कोशिश हो रही है। दुनिया में ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत को दबाना चाहती हैं। उनका मकसद सत्ता परिवर्तन कर हालात सुधारना नहीं, बल्कि अपने पिट्ठू बैठाना है।

भागवत मंगलवार को नागपुर संघ मुख्यालय में आयोजित विजयादशमी उत्सव में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत और हिंदू समाज को तोड़ना चाहते हैं और उन्हें ऐसे नेताओं का भी समर्थन मिलता है।

आरएसएस हर साल विजयादशमी पर अपना स्थापना दिवस मनाता है। 1925 में इसी दिन संघ की स्थापना हुई थी। भागवत ने कार्यक्रम में शस्त्र



पूजन किया। समस्याओं के कारण आंदोलन होते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य समाधान होना चाहिए, न कि समाज में द्वेष और विभाजन पैदा करना। कई बार आंदोलनों को दूसरे उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है और वे राजनीति का साधन बन जाते हैं। समाज और देश को सिर्फ नेता नहीं चलाते, बल्कि समाज की सक्रियता से भी समस्याओं का समाधान होता है। दुनिया में ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत को दबाना चाहती हैं। उनके प्रभाव में आकर हमें उत्तेजित नहीं होना चाहिए। लॉर्ड कर्जन ने हिंदू-मुस्लिम आधार पर बंगाल का विभाजन किया था, जिसे चार साल बाद वापस लेना पड़ा। लेकिन 1947 में देश का विभाजन नहीं रुक सका, क्योंकि लोगों के मन में आ गया था कि जो अलग दिखते हैं, वे अलग ही हैं। हम सभी के पूर्वज एक हैं और हमारी संस्कृति का मूल भी एक है। किसी की अलग पहचान मिटाए बिना सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। भारत की परंपरा और विचारों में दुनिया की समस्याओं का समाधान देने की क्षमता है।

पैग़ाम-ऐ-जगत

गोविंद विहार कॉलोनी, बलटाना में स्पार्कल लेडीज ग्रुप द्वारा दो दिवसीय डांडिया नाइट महोत्सव शुरू किया गया। कॉलोनी के प्रधान श्री प्रवीन मित्तल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

ग्रुप की संचालक श्रीमती सनेह नंदा ने बताया कि कॉलोनी की महिलाओं ने मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। हर साल ऐसे आयोजन होते रहते हैं, जिनमें सभी महिलाएँ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं और खूब मनोरंजन करती हैं।





गुरु की रसोई संस्था ने साहिबज़ादा अजीत सिंह पब्लिक स्कूल लद्देवाल माहिलपुर के विद्यार्थियों को सम्मानित किया

पैग़ाम-ऐ-जगत
हुशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

प्रमुख समाज सेवी संस्था 'गुरु की रसोई' द्वारा आयोजित गुरमति प्रतियोगिताओं में साहिबज़ादा अजीत सिंह पब्लिक स्कूल, लद्देवाल माहिलपुर के विद्यार्थियों ने बड़े इनाम प्राप्त किए। नौवीं कक्षा की विद्यार्थिनी सिमरनजीत कौर ने ई-स्कूटर जीता, जबकि एकनूर सिंह ने एलईडी टीवी पुरस्कार प्राप्त किया।

कुल मिलाकर विद्यार्थियों ने गुरबाणी कीर्तन, गुरबाणी कंठ, कविश्री तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में 1,48,000 रुपये के नकद इनाम प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों का आज 'गुरु की रसोई' के प्रबंधकों द्वारा स्कूल में पहुंचकर सम्मान किया गया और विद्यार्थियों के माता-पिता को भी बधाई दी गई।



प्रधानाचार्य राजविंदर कौर ने 'गुरु की रसोई' संस्था की मुख्य आयोजक गुरजिंदर सिंह तथा संचालक कुलवंत सिंह का आत्मीय स्वागत किया और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर मैडम संदीप कौर, चरनजीत कौर, गुरजीत कौर, हरजिंदर कौर, जसमीन कौर, हरजिंदर सिंह, दलजिंदर सिंह, बलिहार सिंह, सुरजीत कौर तथा जीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

संत ओम प्रकाश जी (ढांगू वालियां) की स्मृति में आयोजित हुआ वार्षिक भंडारा

संत रतन प्रकाश जी और बीबी राम प्रीत जी के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

शिवालिक पहाड़ियों की गोद में बसे और हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे पिंड जेजो दोआबा में ज्योत मार्गीए ब्रह्म ज्ञानी पातशाह हरनाम दास जी के शिष्य ब्रह्म ज्ञानी संत ओम प्रकाश जी (ढांगू वालियां) की स्मृति में क्षेत्र की संगतों के सहयोग से संत रतन प्रकाश और बीबी राम प्रीत के मार्गदर्शन में वार्षिक धार्मिक समागम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सबसे पहले श्री अखंड पाठ का भोग पड़ा। इसके बाद ग्यानी केवल सिंह, बीबी महिकप्रीत खटकड़, सुखबीर सिंह खटकड़, ज्योति प्रकाश, प्रेम प्रकाश, बीबी रामप्रीत और संत रतन प्रकाश ने कथा-कीर्तन के माध्यम से संगतों को प्रभु चरणों से जोड़ा। इस दौरान संत ओम प्रकाश जी के परोपकारी कार्यों



के बारे में भी संगतों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर हरप्रीत सिंह, जगबीर सिंह, रणजीत कौर, केवल सिंह, महिंद्र कौर, रविंद्र कौर, जसजीत कौर, चमन लाल, सुखविंदर सिंह, शीतल सिंह, दिलबाग सिंह समेत क्षेत्र की संगतें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

इस मौके पर संत रतन प्रकाश ने समागम में सहयोग देने वाली संगतों को सिरपाव देकर सम्मानित किया। गुरु का लंगर अटूट चलता रहा।

रावण दहन के साथ ही श्री राम के जयघोष से गूंजा श्री राम लीला मौदान, भरत मिलाप आज

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

श्री राम लीला कमेटी की तरफ से प्रधान गोपी चंद कपूर की अगुवाई में करवाए जा रहे उत्तर भारत के दूसरे सबसे बड़े प्रसिद्ध दशहरा उत्सव के दौरान श्री राम लीला मंचन में भगवान राम द्वारा लंका विजय करने संबंधी दृश्य का मंचन किया गया। इस मौके पर मंचन में दिखाया गया कि किस प्रकार माता शबरी भगवान को सुग्रीव से मिलने का मार्ग बताती हैं व भगवान उन्हें नवदा भक्ति का ज्ञान देते हैं।

इस दौरान सुग्रीव से मिलने के बाद श्री हनुमान जी माता सीता की खोज में लंका जाते हैं और रावण को समझाने पर जब न समझा तो उसने श्री हनुमान जी को बंदी बनाकर उनकी पूंछ में आग लगा दी। आग लगने के बाद श्री हनुमान जी ने सारी लंका को आग लगा दी।

इसके बाद अंगद को भेजा गया कि शायद रावण मान जाए लेकिन वह जब नहीं माना तो युद्ध का शंखनाद किया गया। नल नील की मदद से समुद्र पर पुल बनाया गया और भगवान सहित सारी सेना लंका पहुंची। मंचन में मेघनाथ व कुंभकरण का वध होने उपरांत रावन खुद युद्ध के लिए तैयार हो जाता है और भगवान राम व रावण के बीच भयंकर युद्ध होता है। युद्ध में भगवान राम रावण का वध कर देते हैं और युद्ध संपन्न हो जाता है। यह दृश्य देकर श्री राम लीला मैदान भगवान राम के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर विशेष तौरे से पहुंचे विधायक ब्रमशंकर जिम्पा, पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना, पूर्व मंत्री तीक्ष्ण सूद, पूर्व मंत्री सुन्दर शाम अरोड़ा, मेयर परवीन सैनी, भाजपा जिला प्रधान नितिन गुप्ता नन्नू, चेयरमैन संदीप सैनी, चेयरमैन करमजीत कौर, चेयरमैन जसपाल चेची. डा. कुलदीप नंदा, जिलाधीश आशिका जैन, एसएसपी संदीप मलिक, साहिल सांपला, राजीव महाजन, एसडीएम परमप्रीत, राजन शर्मा, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद ने रिमोट का बटन दबाकर पुतलों को अग्निभेंट किया।

पुतलों को अग्निभेंट करने उपरांत भगवान को आसन पर बिठाया गया और आरती पूजन उपरांत उन्हें विश्राम के लिए ले जाया गया। इस दौरान समस्त महावीर दलों ने दलबल के साथ दशहरा मैदान में पहुंचकर प्रभु के दर्शन किए। इस मौके पर श्री राम लीला कमेटी के प्रधान गोपी चंद कपूर ने सभी का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद किया और दशहरा पर्व की बधाई दी। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को सायं 7 बजे भरत मिलाप का मंचन किया जाएगा तथा इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। उन्होंने नगर निवासियों से कार्यक्रम में समय पर पहुंचकर प्रभु कृपा प्राप्त करने का आह्वान किया। प्रधान गोपी चंद कपूर ने बताया कि 22 अक्टूबर को सायं 7 बजे प्रभु राम का राज्याभिषेक किया जाएगा और इस दौरान भक्ति संकीर्तन संध्या का आयोजन होगा। इस मौके पर चेयरमैन शिव सूद, प्रदीप हांडा, संजीव ऐरी, हरीश आनंद, राकेश सूरी, कमल वर्मा, राजिंदर मोदगिल, राकेश डोगरा, तरसेम मोदगिल, नरोत्तम शर्मा, दीपक शारदा, रघुवीर बंटी, कुणाल चतुर्थ, वरुण कैंथ, कपिल हांडा, सुशील पडियाल, राकेश डोगरा, दविंद्रनाथ बिंदा, कृष्णा गोपाल मोदगिल, मनोज दत्ता, कृष्ण गोपाल आनंद, अजय जैन, शिव जैन, शुभाकर शर्मा, सुभाष गुप्ता, अश्वनी शर्मा छोटा, भारत भूषण वर्मा, पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है विजयदशमी : हरविन्द्र कल्याण

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अक्तूबर (प्रवीण वालिया)

विजयादशमी जिसे दशहरा भी कहते हैं, इस त्योहार को आज पूरे देशभर में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में आज करनाल शहर के सेक्टर-4 नमस्ते चौंक के पास दशहरा ग्राउंड में दशहरा पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में महापौर रेणु बाला गुप्ता सहित, पूर्व चेयरपर्सन मेघा भंडारी शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले का दहन किया। पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इससे पहले श्री रामलीला सभा की ओर से पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पटका पहनाकर व गद्दा भेट की व अन्य अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शोभा यात्रा में भगवान गणेश, मां दुर्गा, हनुमान जी, राधा कृष्ण, अशोक वाटिका,मोबाइल फोन बारे बच्चे कम से कम प्रयोग, नशा की रोकथाम बारे और भगवान शिव शंकर व पार्वती, श्रीराम सीता माता की झांकी मनमोहक व आकर्षण का केंद्र रही।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विजयादशमी असत्य, अहंकार,अत्याचार और बुराई पर सत्य, धर्म और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीराम ने अधर्म,अत्याचार और अन्याय के प्रतीक रावण का वध किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी की तरफ से दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई .इस अवसर पर हरविंद्र कल्याण ने सभा को 20 किलोवाट का सोलर प्लांट देने की घोषणा की.

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य या बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भगवान राम ने रावण का अंत करके पूरी दुनिया में अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमारे अंदर भी कई बुराई छिपी हुई हैं जिन्हें बाहर निकाल फेंकने की जरूरत है। ताकि अच्छे समाज का निर्माण हो सकें। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सब को यह संकल्प लेना चाहिए कि इस विजयदशमी पर खुद के अंदर की बुराई, कपट या छल को हमेशा के लिए दूर करेंगे। इस अवसर पर मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि यह विजयादशमी का दिन वर्षों से ही बुराई के अंत के रूप में मनाया जाता आ रहा है। इसलिए हम सभी को अपने अंदर की सभी प्रकार की बुराइयों को त्याग कर नवनिर्माण की और ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद संकल्प भंडारी,श्री रामलीला सभा रजि0 के प्रधान कपिल गर्ग, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष मनीष दीवान, सह सचिव अनुज जायसवाल, सदस्य अंकित गर्ग, राघव गर्ग ,उमेश गुप्ता सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

35 फीट के रावण के दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश, दशहरा देखने उमड़ा जनसैलाब

मोहाली, 20 अक्तूबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा मंगलवार को रामलीला एवं दशहरा ग्राउंड, फेज-1, मोहाली में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। श्री रामलीला एवं दशहरा

- **उपशीर्षक: फेज-1 मोहाली में धूमधाम से मनाया गया दशहरा, रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का भी हुआ दहन**



कमेटी की ओर से आयोजित समारोह में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों को भी जलाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहरवासी अपने परिवारों के साथ पहुंचे और दशहरा उत्सव का आनंद लिया। पुतला दहन से पहले मैदान में भगवान श्रीराम और रावण की सेनाओं के बीच युद्ध का मंचन किया गया। राम-रावण युद्ध के दृश्यों ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जैसे ही युद्ध के अंतिम चरण के बाद रावण दहन हुआ, मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आतिशबाजी और जलते पुतलों को देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। दशहरा उत्सव ने लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों और सत्य की शक्ति का संदेश दिया। रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन इस बात का प्रतीक रहा कि अहंकार, अन्याय और बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हों, अंतत: सत्य और धर्म की ही विजय होती है।

श्री रामलीला एवं दशहरा कमेटी के अध्यक्ष आशु सूद के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव ने क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाया। कमेटी की ओर से आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, कलाकारों और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

श्री गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव की तैयारियों को लेकर सोसायटी की बैठक

पैगाम-ऐ-जगत
रतिया, 20 अक्टूबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

श्री गुरु रामदास महाराज जी का प्रकाशोत्सव की तैयारियों को लेकर शहर के पुराना बाजार स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू ग्रंथ साहिब में श्री गुरु रामदास सेवा सोसायटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्रधान जगसीर सिंह ने की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि चौथे पातशाह श्री गुरु रामदास साहिब महाराज जी



का प्रकाशोत्सव सोसायटी द्वारा संगत के सहयोग से हर वर्ष गुरद्वारा साहिब में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि बैठक में सदस्यों द्वारा 27 अक्तूबर को गुरु रामदास महाराज जी का प्रकाशोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके 25 अक्तूबर को श्री अखंड पाठ साहिब जी के पाठ का प्रकाश किया जाएगा जिसका भोग 27 अक्तूबर को डाला जाएगा और इसके पश्चात दीवान सजाए जाएगें। इस मौके पर दलजीत सिंह, चरणजीत सिंह, बंटी मोंगा सर्वजीत सिंह, बलविंद्र सिंह लाडी, गुरविंद्र सिंह, मनजीत सिंह सहित मौजूद रहे।

पेज एक का शेष

विजयादशमी पर दिल्ली...

बुराईयां दिखाई देती हैं उसे हमें खत्म करना होगा। देश की तरक्की के साथ जुड़ना होगा। देश द्रोही को सबक सिखाना होगा। नफरत को खत्म करके प्रेम का दीप जलाकर भारत के भविष्य को रोशन करना होगा।'

पंजाब सरकार को...

राजनीतिक संरक्षण के बिना नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में नशीले पदार्थों का जाल फैल गया है और इस संबंध में सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

अमित शाह ने कहा कि नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में पंजाब पुलिस के जवान भी पकड़े जा रहे हैं। उनका यह बयान मुख्य रूप से पंजाब सरकार के नशा-विरोधी कदमों और पुलिस प्रशासन पर निशाना साधता है। उन्होंने तर्क दिया कि जब पुलिसकर्मी खुद ही ऐसे मामलों में शामिल पाए जाते हैं, तो नशीले पदार्थों के कारोबार को रोकने के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

जो लोग नशीले पदार्थों के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन्हें या तो आत्महत्या के लिए मजबूर किया जाता है या उनकी हत्या कर दी जाती है: अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में नशीले पदार्थों के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी सरकार को घेरा और आरोप लगाया कि राज्य में नशीले पदार्थों का कारोबार दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि जो लोग नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन्हें या तो आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जाता है या फिर उनकी हत्या कर दी जाती है। लुधियाना में अमित शाह ने कहा कि वह पंजाब सरकार और उसके नेताओं को उनके वादे याद दिलाने आए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने राज्य से नशीले पदार्थों के कारोबार को तीन महीने के भीतर खत्म करने का वादा किया था, लेकिन इसके उलट, यह कारोबार लगातार बढ़ रहा है। पंजाब के अपने दौरे के बारे में अमित शाह ने बताया कि वे शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देने आए हैं और उनके इस दौरे का कोई राजनीतिक मकसद नहीं है। उन्होंने कहा कि नशे की लत ने कई लोगों के बेटों, भाइयों और पतियों की जान ले ली है। उन्होंने सवाल किया कि गहरे दुख में डूबे इन परिवारों को आम आदमी पार्टी सरकार क्या जवाब देगी?

2029 तक नशीले पदार्थों के कारोबार को खत्म करने का भरोसा

केंद्रीय गृह मंत्री ने पंजाब के लोगों को भरोसा दिलाया कि 31 दिसंबर 2029 तक राज्य से नशीले पदार्थों का कारोबार पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार नशे की समस्या को नियंत्रित करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का कारोबार रुकने के बजाय और फैल रहा है।

उनके इन बयानों से पंजाब में नशे के मुद्दे पर बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच राजनीतिक टकराव और तेज होने की संभावना है। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि नशीले पदार्थों के कारोबार को संरक्षण देने वाले राजनीतिक लोगों की जांच होनी चाहिए और इस धंधे को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

अमित शाह ने...

झोटा के घर का दौरा किया था। इनके अलावा, पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़, राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल और भाजपा के प्रदेश महासचिव परमिंदर सिंह बराड़ भी वहां मौजूद थे।

शाह के दौरे को देखते हुए मानसा और आसपास के इलाकों में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था। मुलाकात के दौरान क्या बातचीत हुई, इस बारे में परिवार ने अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है। परिवार की मुख्य मांग सीबीआई जांच की है; इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया था कि राज्य सरकार ने जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंप दी है। इसके साथ ही, परिवार मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और कई अन्य अधिकारियों के इस्तीफे की भी मांग कर रहा है।

बोले, 2007 से...

कार्रवाई क्यों नहीं की? उस समय नशा मुक्त पंजाब बनाने की कोशिश नहीं की। जब आपके कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की दहलीज पर किसानों का डेढ़ साल धरना चला, 700 से अधिक किसान मर गए। उनके घर जाने की कोशिश क्यों नहीं की? उनसे हमदर्दी क्यों नहीं की? पांच-पांच लाख का मुआवजा व सरकारी नौकरियां पंजाब आप सरकार ने दी हैं।

आज नशा राजस्थान में सबसे अधिक है। हरियाणा गैंगस्टरों की नर्सरी बन गया है। गुजरात से नशा आ रहा है। आपके दोस्त अडानी के पोर्ट से तीन-तीन हजार किलो की खेप पंजाब पुलिस पकड़ लाती रही है। उसे क्यों नहीं रोकते हो? बीएसएफ का एरिया बॉर्डर से 50 किलोमीटर तक है। आप देश के गृहमंत्री हो, लेकिन पाकिस्तान से आने वाले नशे को रोकने के लिए क्यों नहीं कुछ करते? उस समय आपको पंजाब क्यों याद नहीं आता है? सिर्फ वोट के समय ही याद आता है। बड़े दुख की बात है कि आप बहुत नीची राजनीति पर उतर आए हो।

लिवइन पार्टनर की...

भी कम इस्तेमाल कर रही थी।

9 अक्टूबर को कारोबारी शिवा शर्मा की लखनऊ के अवध ग्रीन अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई थी। श्रद्धा की आखिरी लोकेशन आगरा मिली थी। वह बुर्के में सीसीटीवी में कैद हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, मॉडल श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर पहले कार से दिल्ली पहुंचे। इसके बाद तीनों ने वहां से फ्लाइट पकड़ी और नागपुर रवाना हो गए थे।

बैंक खाते ठप...

कंपनी ने अपने डेटा केंद्रों को जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बताया जो लाखों लोगों की तरफ से रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल की जाने वाली सेवाओं को सपोर्ट करता है. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि अफेक्टेड यूजर्स के लिए वित्तीय सहायता पर चर्चा करना अभी जल्दबाजी होगी, और कहा कि परेशानियों के बावजूद यांडेक्स एक मजबूत कंपनी बनी हुई है. रूस के सबसे बड़े बैंक स्बरबैंक और टेक्नोलॉजी कंपनी वीके से जुड़े डेटा सेंटर्स पर भी हमले होने की खबर है.

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर निशाने पर

यूक्रेन के ये हमले यूक्रेनी डेटा सेंटर्स पर रूस के बढ़ते हमलों के बाद हुए हैं. राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मॉस्को पर यूक्रेन के लोगों को इंटरनेट से महरूम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है. रशियन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों को लेकर कीव पर अमेरिकी दबाव के बीच, टेक्नोलॉजी फैसिलिटीज मौजूदा जंग में एक और संभावित युद्धक्षेत्र के रूप में उभरी हैं।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

करनाल पुलिस सीआईए-1 की बड़ी कार्रवाई, जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

तरावड़ी स्थित रास बसेरा फ्लैट के बाहर चाकू से किया था जानलेवा हमला

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अक्टूबर (प्रवीण वालिया)

करनाल पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में

- **सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने की कार्रवाई**

सीआईए-1 की टीम ने जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रमन उर्फ काला निवासी गांव बड़ागांव, जिला करनाल के रूप में हुई है। यह कार्रवाई सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

इस संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि थाना तरावड़ी क्षेत्र के गांव बड़ागांव निवासी बलदेव उर्फ गौरव दिनांक 18 अक्टूबर 2026 की रात तरावड़ी स्थित रास बसेरा के फ्लैट में गया था। वहां किसी बात को लेकर बलदेव उर्फ गौरव और आरोपी रमन उर्फ काला



के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी विवाद के चलते रमन उर्फ काला ने बलदेव उर्फ गौरव की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि चाकू से जानलेवा हमला करने के संबंध में दिनांक 19 अक्टूबर 2026 को थाना तरावड़ी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए-1 की टीम ने जांच एवं कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रमन उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि वारदात के कारणों तथा घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मामले में अन्य व्यक्तियों की संभावित भूमिका की भी जांच की जा रही है। मामले में नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

करनाल पुलिस की अपील: करनाल पुलिस आमजन से अपील करती है कि आपसी विवादों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से और कानून के दायरे में रहकर करें। किसी भी विवाद में हिंसा का सहारा न लें। कानून व्यवस्था भंग करने तथा गंभीर अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस द्वारा नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पार्सल में ड्रग्स का डर, फर्जी पुलिस की कॉल; साइबर ठगों के नए जाल से रहें सावधान

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अक्टूबर (प्रवीण वालिया)

पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस करनाल द्वारा अक्टूबर माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा कूरियर और पार्सल के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के प्रति लोगों को सचेत किया जा रहा है।

साइबर ठग लोगों को फोन करके दावा करते हैं कि उनके नाम से भेजे गए किसी पार्सल में ड्रग्स, नशीले पदार्थ या अन्य प्रतिबंधित सामान मिला है। इसके बाद वे पीड़ित को डराने के लिए खुद को पुलिस अधिकारी या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताने वाले फर्जी व्यक्तियों से बात करवाते हैं। ठग गिरफ्तारी, कानूनी कार्रवाई

- **करनाल पुलिस की अपील—गिरफ्तारी का भय दिखाकर पैसे मांगने वालों के झांसे में न आएं, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर करें कॉल**

या मामले में फंसाने का डर दिखाकर लोगों से पैसे ऐंठने का प्रयास करते हैं।

फर्जी पुलिस कॉल से रहें सावधान:-

करनाल पुलिस आमजन को जागरूक करते हुए अपील करती है कि कूरियर कंपनी के नाम पर आने वाली किसी भी संदिग्ध कॉल पर बिना पुष्टि के विश्वास न करें। यदि कोई व्यक्ति पार्सल में प्रतिबंधित सामान होने की बात कहकर पुलिस कार्रवाई का डर दिखाता है, तो घबराएं नहीं और न ही उसकी बातों में आकर कोई पैसा ट्रांसफर करें।

इन बातों का रखें विशेष ध्यान

कूरियर कंपनियां सामान्य प्रक्रिया के तहत आपकी कॉल को पुलिस के पास स्थानांतरित नहीं करतीं। पुलिस किसी पार्सल को छुड़वाने या मामले को रफा-दफा करने के नाम पर पैसे जमा करवाने के लिए नहीं कहती।

फोन पर खुद को पुलिस अधिकारी या जांच एजेंसी का अधिकारी बताने वाले व्यक्ति की पहचान की पुष्टि करें।

किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें।

यदि कोई व्यक्ति गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे मांगता है, तो सतर्क रहें और संबंधित विभाग से आधिकारिक माध्यम से संपर्क कर जानकारी की पुष्टि करें।

साइबर ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

करनाल पुलिस आमजन से अपील करती है कि साइबर ठगों के डर और दबाव में आकर कोई कदम न उठाएं। किसी भी संदिग्ध कॉल के झांसे में आकर पैसे ट्रांसफर न करें। यदि आपके साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं।

10वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में पंजाब बना विजेता, दिल्ली दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा

गुरु नानक डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी रतिया बनी गतका डिप्लोमा का मुख्य केंद्र

पैगाम-ऐ-जगत
रतिया, 20 अक्टूबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

गुरु नानक डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी रतिया में गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से गतका एसोसिएशन ऑफ हरियाणा द्वारा आयोजित 10वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुई।इस संबध में जानकारी देते हुए हरियाणा के अध्यक्ष स्वर्ण सिंह व सी ई ओ गुरजीत सिंह ने बताया कि देश के 21 राज्यों से लगभग 1000 खिलाड़ियों और 500 अधिकारियों सहित 2000 लोगों ने लिया हिस्सा। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में पंजाब की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दिल्ली दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा।प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य ने चौथा, हिमाचल प्रदेश ने पांचवां, झारखंड ने छठा, चंडीगढ़ ने सातवां, महाराष्ट्र ने आठवां, बिहार ने नौवां और उत्तर प्रदेश राज्य ने दसवां स्थान प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी की ओर से कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने की शिरकत

राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को शामिल होना था, लेकिन स्वीडन की विदेश यात्रा के कारण उनके स्थान पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कार्यक्रम में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पंजाब के पूर्व खेल मंत्री, अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज एवं पूर्व ओलंपिक अध्यक्ष राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, हरियाणा भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रो रविंदर सिंह बलियाला, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा तथा हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार शाखा के

- **राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 21 राज्यों के 1000 खिलाड़ियों और 500 अधिकारियों सहित 2000 लोगों ने लिया हिस्सा**



चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

गुरु काशी यूनिवर्सिटी, तलवंडी साबो के चांसलर डॉ गुरुलाभ सिंह सिद्धू ने विशेष महिमान के रूप में पहुंचने पर कहा कि गतका खेल को औपचारिक शैक्षणिक पहचान प्रदान करने की दिशा में विश्वविद्यालय में एक वर्षीय डिप्लोमा इन गतका शुरू करने का निर्णय लिया।

दिल्ली से संत हरपाल सिंह धालीवाल तथा गुरुद्वारा चोरमार साहिब से संत बाबा गुरलाल सिंह विशेष रूप से प्रतियोगिता देखने पहुंचे। प्रतियोगिता के पहले दिन पूर्व सांसद एवं भाजपा उपाध्यक्ष सुनीता दुग्गल तथा पंजाबी गायक मनकीरत औलख के पिता निशान सिंह औलख ने भी शिरकत की। इसके अलावा खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षा प्रकाश,साहित्यकार डॉ नैब सिंह मंडेर,समाजसेवी भीष्म भटेजा, राजिंदर भटेजा, राजपाल ग्रोवर, बलविंदर सिंह बाठ और गगनदीप सिंह मल्ली सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। आयोजकों ने इसे राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक बताया। इस पहल से गतका खेल को नई पहचान मिलने के साथ युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने के नए अवसर मिलने की उम्मीद है। सी ई ओ गुरजीत सिंह ने धन्यवाद करते हुए कहा कि

देश के 21 राज्यों से पहुंचे खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन, चिकित्सा तथा खेल संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करनागुरु नानक डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी रतिया में पुलिस एवं फौज की ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे जांबाजो ने संभाला प्रबंधन संभाला खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों सहित 2000 से अधिक लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई।

गुरुद्वारा कमाना, गुरुद्वारा नथवान, गुरुद्वारा अजीतसर, अग्रवाल धर्मशाला, नामदेव धर्मशाला, जैन धर्मशाला, ईबोनी होटल, कृष्णा होटल, रॉयल पैलेस, बाबा दीप सिंह कॉलेज और शहीद उधम सिंह कॉलेज सहित कुल 21 स्थानों पर ठहरने का प्रबंध किया गया। लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गईं। कश्मीर सिंह लाली की अगुवाई में 24 घंटे लंगर की व्यवस्था की गई, जिससे खिलाड़ियों और अधिकारियों को भोजन उपलब्ध कराया गया।

80 राष्ट्रीय कोचों ने संभाली खेल व्यवस्था

हेड कोच सुमित कुमार ने प्रोफेसर अनुज कुमार (राजस्थान), कोच हरबंस सिंह, बलविंदर ग्रोहा और रवि कुमार के साथ अनुशासन एवं स्वच्छता की व्यवस्थाओं को संभाला। हरियाणा गतका के हेड कोच कृष्ण सिंह ने प्रभशरण सिंह (टोहाना), बलतेज सिंह (सिरसा), गुरध्यान सिंह (फतेहाबाद), मनप्रीत सिंह (करनाल), पारस सिंह (यमुनानगर) और गुरदेव सिंह (डबवाली) सहित लगभग 50 राष्ट्रीय गतका कोचों के सहयोग से खेल प्रतियोगिताओं का संचालन किया।

मंच संचालन, पदक वितरण और चिकित्सा सेवाओं में विशेष योगदान

प्रसिद्ध साहित्यकार एवं प्रिंसिपल डॉ. नैब सिंह मंडेर ने मंच संचालन की अहम भूमिका अदा की

गुरु नानक अकैडमी रतिया की प्रिंसिपल जसबीर कौर ने मंच प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाई। रमनदीप कौर, रणजीत कौर, कुलदीप कौर, कांता रानी और कोच नीलम ने मंच संचालन, पदक वितरण तथा विभिन्न राज्यों से आए अधिकारियों के स्वागत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

खिलाड़ियों और अधिकारियों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में डॉ. कंवलजीत सिंह, सुखमणि हॉस्पिटल तथा डॉ. नरिंदर सिंह नड्डा , शहीद उधम सिंह कॉलेज की सेवाएं सराहनीय रहीं। चिकित्सा टीम ने प्रतियोगिता के दौरान दिन-रात सहायता प्रदान की।

सफल राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान डॉ राजिंदर सिंह सोहल, जनरल सेक्रेटरी श्री बलजिंदर सिंह तूर तथा गतका एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के प्रधान स्वर्ण सिंह रतिया ने प्रतियोगिता में विजेता रही टीमों और खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया में एन.एस.एस. शिविर का आयोजन

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया, 20 अक्टूबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रतिया में आज ह्स्स् यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी बबीता ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गजानंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्रमदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि श्रमदान से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन एवं सामुदायिक भावना का विकास होता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए।

शिविर के दौरान ह्स्स् स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। उन्होंने विद्यालय परिसर, खेल मैदान, पेड़-पौधों के आसपास तथा कमरों की साफ-सफाई की। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं को स्वच्छता, पर्यावरण



संरक्षण एवं सामूहिक कार्य का महत्व समझाया गया। श्रमदान के पश्चात छात्राओं के लिए 'महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध' विषय पर भाषण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महिला पुलिस अधिकारी सर्वजीत कौर ने महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क रहने का संदेश दिया। इस मौके पर सुनीता कौर, विकास कुमार, रामगोपाल बलाना, किरण, राजेश, बलदेव सिंह, बलजिंदर सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक चेतना, स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी तथा महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

गांव मननहाना में 17 व विशाल मां भगवती जागरण 31 अक्टूबर को : रशपाल सिंह कलेर





पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

गांव मननहाना में जय मां चिंतपूर्णी जागरण कमेटी रजिस्टर्ड मननहाना को ओर से अध्यक्ष रशपाल सिंह कलेर के नेतृत्व में समूह नगर निवासी ग्राम पंचाट प्रवासी भारतीयों के सहयोग वार्षिक मां भगवती जागरण 31 अक्टूबर को बहुत ही प्रेम व श्रद्धा से करवाया जा रहा है इस संबंधी जानकारी देते हुए अध्यक्ष रशपाल सिंह कलेर और अन्य सदस्यों द्वारा जागरण का पोस्टर जारी करते हुए संयुक्त रूप में बताया के इस अवसर पर पहले नवग्रहों की पूजा की जाएगी बाद में प्रमुख कलाकार जिनमे सरबजीत सर्व, हरमन फ़राला और दुर्गा रंगीला संगतों को महामाई की।

महिमा सुनाकर निहाल करेंगे और जागरण का आगाज महंत अशोक गोरा जी श्री गणेश बंदना से करेंगे इस अवसर पर सियासी राजसी धार्मिक और सामाजिक प्रतिनिधि भी शामिल होंगे इस अवसर पर संगतों को महामाई का भंडारा निरंतर वितरण किया जाएगा।

होशियारपुर खो-खो एसोसिएशन द्वारा आयोजित दूसरी जिला खो-खो चैंपियनशिप

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

खो-खो एसोसिएशन ऑफ होशियारपुर द्वारा आयोजित दूसरी जिला खो-खो चैंपियनशिप रियात बहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई, जिसमें 14 लड़कों और लड़कियों की टीमों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट होशियारपुर के अध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह पाबला और खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार सरबजीत सिंह धामी (कनाडा) ने किया।

इस अवसर पर खो-खो वर्ल्ड चैंपियन नीता कुमारी और उनके कोच संदीप सिंह, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर को मुख्य अतिथि द्वारा नकद पुरस्कार, ट्रैक सूट और सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

चैंपियनशिप में लड़कों के वर्ग में नारू नंगल की टीम ने पहला स्थान, धुग्गा कला ने दूसरा स्थान और पठियाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों के वर्ग में नारू नंगल पहले स्थान पर रही, डीएवी कॉलेज दूसरे स्थान पर रही, जबकि सनराइज इंटरनेशनल स्कूल मन्नानहाणा और एसबीएस मॉडल स्कूल सदरपुर गढ़शंकर ने तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में पहले स्थान पर आने वाली टीमों को नकद पुरस्कार भी दिए गए।

इस टूर्नामेंट में एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने विशेष योगदान दिया, जिनमें अध्यक्ष सरदार सरबजीत सिंह धामी, प्रधान सतनाम सिंह,





उपाध्यक्ष अजीत सिंह और संदीप कुमार, लेक्चरर जनरल सचिव सुरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष सोमेश कुमार, प्रोफेसर परमजीत कौर, मैडम अनूपम ठाकुर, जसविंदर सिंह, संयुक्त सचिव सतवीर सिंह, दलजिंदर सिंह तथा सुखविंदर सिंह (राजी) शामिल हैं।

इस टूर्नामेंट में मैडम रश्मि शर्मा, प्रिंसिपल रियात बहरा स्कूल, और बॉक्सिंग कोच हरजीत सिंह ने विशेष योगदान दिया तथा टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए एसोसिएशन का पूरा सहयोग किया। जिला खो-खो एसोसिएशन ऑफ होशियारपुर द्वारा सभी खिलाड़ियों और उनके साथ आई विजेता टीमों के कोचों को विशेष सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट और भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई।

टूर्नामेंट के अंत में एसोसिएशन के प्रधान सरदार सतनाम सिंह ने टूर्नामेंट में पहुंचे अतिथियों तथा सभी टीमों और उनके कोचों का धन्यवाद किया।

भगवान श्री वाल्मीक मंदिर सभा महिलपुर की ओर से भगवान वाल्मीक प्रगट दिवस को समर्पित विशाल शोभा यात्रा 24 अक्टूबर को/बलविंदर मरवाहा

- **इस कार्यक्रम को समर्पित 26 अक्टूबर को पावन सत्संग बाद दुपहर 2 बजे होगा, दीप माला रात्रि 8 बजे होगी**

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

कस्बा माहिलपुर में भगवान श्री वाल्मीक मंदिर सभा (रजिस्टर्ड न.195)महिलपुर की ओर से समूह क्षेत्रीय वाल्मीक सभाएं और बाल्मिक समाज यूथ क्लब, सोसायटी की ओर से अध्यक्ष बलविंदर



मरवाहा के नेतृत्व भगवान श्री वाल्मीक जी का प्रगट दिवस 26 अक्टूबर को बहुत ही प्रेम व श्रद्धा से मनाया जाएगा इस संबंधी जानकारी देते हुए अध्यक्ष बलविंदर मरवाहा ने बताया के इस कार्यक्रम को समर्पित विशाल शोभा यात्रा 24अक्टूबर को बाद दुपहर निकाली जाएगी जिसे संत बाबा केवल सिंह जी श्री खुरालगढ़ साहिब वाले करेंगे और मुख्य अतिथि जय कृष्ण सिंह रोड़ी होंगे विशेष अतिथि दास मनदीप सिंह बैंस और बाबा बलराज जी होंगे और इसी तरह 26 अक्टूबर को बाद दुपहर 2 बजे पावन सत्संग होगा जिसमें शादी लाल जालंधर वाले भगवान की महिमा का गुणगान करेंगे इस कार्यक्रम के क्षेत्र के विभिन्न सियासी ,राजसी सामाजिक धार्मिक प्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे और रात्रि 8 बजे दीप माला की जाएगी इस अवसर पर संगतों को भंडारा निरंतर वितरण किया जाएगा।

गढ़शंकर में गुड़ और शक्कर बनाने वाली इकाइयों की जांच, 75 लीटर एक्सपायरी वनस्पति मौके पर नष्ट

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत गढ़शंकर में गुड़ और शक्कर बनाने वाली इकाइयों का निरीक्षण किया गया।

यह कार्रवाई कमिश्नर फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, पंजाब श्रीमती कंवलप्रीत कौर बराड़, आई.ए.एस., डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर श्रीमती आशिका जैन, आई.ए.एस. तथा सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जतिंदर भाटिया के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर ईशान बंसल और उनकी टीम द्वारा किए गए इस निरीक्षण के दौरान गुड़ और शक्कर के कुल तीन सैंपल जांच के लिए लिए गए, ताकि इनकी गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप होने की जांच की जा सके। निरीक्षण के दौरान 75 लीटर एक्सपायरी वनस्पति को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि इसका उपयोग खाद्य पदार्थ तैयार करने या बिक्री के लिए न किया जा सके। खाद्य सुरक्षा टीम ने निर्माताओं को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता के निर्धारित मानकों को बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा टीम ने कारोबारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे खाद्य पदार्थों के निर्माण में केवल सुरक्षित और वैध अवधि के भीतर उपयोग की जा सकने वाली सामग्री का ही इस्तेमाल करें। इसके साथ ही उत्पादन और भंडारण के दौरान साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाए जा सकें।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले भर में निरीक्षण और सैंपलिंग का अभियान लगातार जारी रहेगा। खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ"
ਛੋਟਾ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਵੱਡਾ ਵਪਾਰ
NEWS & WEB CHANNEL
HEAD OFFICE
F 388, Industrial Area, Sector 74,
Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab 160071
CONTACT : +91 9878862733, 9872340701
"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ" ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਲਾਸੀਫਾਈਡ ਜੋਤਿਸ਼, ਵਪਾਰ, ਨਾਮ ਪਰਿਵਰਤਨ, ਵਿਆਹ ਸੰਬੰਧੀ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਆਦਿ ਲਈ ਘਰ ਬੈਠੇ ਬੁਕਿੰਗ ਕਰੋ।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत